हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 फरवरी 2026

04 कलेक्टर ने किया हस्तशिल्प प्रदर्शनी...



07 3 दिन पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में घूमती रही, डेढ़ करोड रुपए की...





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया बाहरी मासिक निरीक्षण



**गुना** । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयर हाउस का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सीसीटीव्ही कैमरे का मॉनिटर एवं अग्निशमन यंत्रों को देखा। निरीक्षण में सभी कैमरे चालू पाए गए। उन्होंने तालों की सील, फायर सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। सभी नियत तिथि और नियमानुसार पाए गये। इस अवसर पर इलेक्शन सुपरवाइजर विजय माथुर उपस्थित रहे।

### आत्मा योजनांतर्गत राज्य के बाहर एवं राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण करने कृषकों का दल किया रवाना




**गुना।** कृषि विभाग की आत्मा योजनांतर्गत राज्य के बाहर एवं राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार राज्य के बाहर प्रशिक्षण हेतु 10 कृषकों का दल प्रभारी आर.एस.लोधा बीटीएम आरोन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी उत्तरप्रदेश तथा राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण आयोजित कराने हेतु 50 कृषकों के दल प्रभारी मनमोहन सिंह भूरिया बी.टी.एम. गुना एवं दल प्रभारी सुनील भील बी.टी.एम. राघौगढ के द्वारा राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इंदौर के लिए उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सहायक संचालक कृषि राजवीर सिंह तोमर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवानगी दी। इन प्रशिक्षणों का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, फसल उत्पादन, कीट-रोग प्रबंधन तथा कृषि में नवीन नवाचारों की जानकारी देना तथा उद्यानिकी एवं पशुपाल विषयों पर कृषकों को तकनीकी जानकारी देना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा किसानों को नवीनतम अनुसंधान, आधुनिक मशीनरी, जल प्रबंधन एवं खेती को लाभकारी बनाने के तरीकों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही किसानों को विश्वविद्यालय के प्रयोगात्मक खेतों एवं कृषि मॉडल का भ्रमण भी कराया जाएगा।

### शासकीय हाई स्कूल कुशमौदा में किया जागरुकता कार्यशाला का आयोजन

**गुना** । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान का द्वितीय चरण दिनांक 24 जनवरी से 10 फरवरी तक चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अब्दुल गफ्फार के मार्गदर्शन में भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु शासकीय हाई स्कूल कुशमौदा में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भिक्षावृत्ति से संबंधित जानकारी छात्राओं को बताई गई ।

## रतिराम कुशवाहा की निर्मम हत्या के संबंध में उचित कार्यवाही के लिए कुशवाह समाज शक्ति संगठन ने सौंपा एसपी को ज्ञापन

# धमकी: यदि राजीनामा नहीं किया तो इस गांव में तुम्हारे पूरे खानदान की गर्दन काट दी जाएगी!

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

म्याना थाना अंतर्गत 4 फरवरी को ग्राम भदौरा में कुशवाहा समाज के व्यक्ति रतिराम कुशवाहा की निर्मम हत्या के संबंध में उचित कार्यवाही और उचित जांच हेतु कुशवाह समाज शक्ति संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को कुशवाहा समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा एक ज्ञापन दिया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से समाज की बात को सुना और गहन जांच का आश्वासन दिया। इस मौके पर मृतक के परिवार जनों के अतिरिक्त सैंकड़ों कुशवाहा समाज के बंधु उपस्थित रहे।देशराज कुशवाह पुत्र स्वः रतिराम कुशवाह द्वारा बताया गया कि रतिराम कुशवाह की मृत्यु 04/02/2026 को हो गई है । जिसके चलते पुलिस में एफ आईआर दर्ज की गई थी जिसके तहत पुलिस ने एक आरोपी को गिरफतार भी कर लिया है. परन्तु प्रार्थी के पिता को जब मुखाग्नि देने के लिये गांव में ले जाया गया तो रतिराम के शरीर के जैसे ही कपडे उतारे वो मृतक रतिराम कुशवाह के हाथों में व पैरों में चोट व रगड के निशान थे जिसे देखने से प्रतीत हो रहा था कि मृतक की मृत्यु से पूर्व रतिराम के साथ लडाई झगड किया गया था और मृतक रतिराम कुशवाह के हाथ व पैर को पकड़ कर मृत्यु के घाट उतारा गया था. जिसके



संबंध में संबंधित थाने में भी प्रार्थी के द्वारा सूचना दी गई थी, लेकिन कोई सुनबाई नहीं हुई एवं प्रार्थी को संबंधित थाने के अधिकारी द्वारा बताया गया था कि उक्त घटनास्थल पर 4 लोगों की मोबाईल लोकेशन भी प्राप्त हो रही है ।परन्तु उनसे किसी भी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं की गई। जब प्रार्थी व साथियों के द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर देखा गया तो वहां पर और भी शराब के खाली क्वाटर व पानी की बोतल व पाउच भी थी. उक्त संबंध में भी थाने के भारसाधक अधिकारी को सूचना दी गई थी. परन्तु कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। जब प्रार्थी अपने घर गाव में बैठा था तब प्रार्थी को गांव के अन्य लोगों ने बताया कि गांव में चर्चा हो रही है कि प्रार्थी के पिता रतिराम कुशवाह की मृत्यु में अन्य लोग भी शामिल हैं।क्योंकि किसी की गर्दन काटना सिर्फ एक अकेले व्यक्ति का आम नहीं हो सकता है ।अवश्य ही रतिराम कुशवाह की मृत्यु में पकड़े गये आरोपी के अलावा भी अन्य लोगों के द्वारा षडयंत्र कर व रतिराम के हाथ पैर पकड कर मृत्यु कारित की है । जबसे इन्द्रभान खंगार को पुलिस द्वारा रतिराम कुशवाह को उसकी मृत्यु करने के आरोप में पकडा है तबसे ही इन्द्रभान खंगार के परिवार वाले एवं आरोपी के परिचित प्रार्थी को व उसके परिवार वालो को जान से मारने की धमकी दे रहे है ।और राजीनामा के लिये दबाब में डाल रहे है वह कहते है कि यदि राजीनामा नहीं किया तो इस गांव में तुम्हारे पूरे खानदान की गर्दन काट दी जावेगी जिससे पूरा परिवार डरा हुआ है व घर से निकलना दूभर हो गया है।अतः अन्य आरोपीयों की संलिप्तता होने के कारण सही ढंग से कार्यवाही करें व इन्द्रभान खंगार के अतिक्रमण कर बने घर को गिराने एवं अतिक्रमण वाली जमीन को भी शासन कब्जे में लें ।

## गुस्सा हताशा निराशा और सिस्टम पर फिर लगा सवालिया निशान

# हत्या का आरोप, महिला शोषण, जमीन पर कब्जे और थानों की चुप्पी, उठे सवाल





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला जनसुनवाई में मंगलवार को फरियादियों का गुस्सा हताशा निराशा देखने को मिली और सिस्टम पर फिर लगा सवालिया निशान। अलग-अलग मामलों में पीड़ितों ने पुलिस, प्रशासन और राजस्व अमले पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायतों के बावजूद न तो कार्रवाई हो रही है और न ही न्याय मिल पा रहा है।

### शादी का झांसा देकर छात्रा की हत्या का आरोप

अशोकनगर जिले के कांकड़ा निवासी बृजेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि उनकी पुत्री रिया, जो गुना में रहकर बीए फाइनल की पढ़ाई कर रही थी, की 4 फरवरी 2026 को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आरोप है कि आकाश उर्फ बिट्टू रघुवंशी ने पहले मंदिर में माला डालकर शादी की, फिर परिजनों के दबाव में शादी से मुकर गया। इसके बाद रिया को रास्ते से हटाने के लिए दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मृतिका अपने कमरे में पलंग पर पाई गई, लेकिन अब तक हत्या का मामला दर्ज नहीं किया गया।



### व्यवस्थाएं नहीं होने से पानी को तरसा मोहल्ला

बमोरी तहसील के ग्राम कपारी हरिजन मोहल्ला के ग्रामीणों ने बताया कि पूरे मोहल्ले में पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों को रोज़ाना पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, लेकिन शासन की ओर से ट्यूबवेल स्वीकृत नहीं किया जा रहा।



### थाने के सामने हमला, फिर भी कार्रवाई शून्य!

बमोरी निवासी हबीब खान ने बताया कि 27 जनवरी की रात मेडिकल से लौटते समय थाने के सामने ही आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सिर में चार टांके आए, हाथ फ्रैक्चर हुआ, इलाज कराया गया, लेकिन पुलिस ने आज तक कोई केस दर्ज नहीं किया।

### दबंगों का कब्ज़ा, प्रशासन मौन

आरोन तहसील के ग्राम चौखेट निवासी भीकाराम अहिरवार ने आरोप लगाया कि यादव समाज के दबंगों ने उनकी कृषि भूमि पर लाठी-फरसा और पैसे के बल पर कब्ज़ा कर लिया। तहसील और एसडीएम कार्यालय में आवेदन देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही।

ग्राम हुंगासरा के एक किसान ने बताया कि रामबरण द्वारा उसकी जमीन पर जबरन कब्ज़ा किया जा रहा है और विरोध करने पर मारपीट की धमकी दी जा रही है।

### जनसुनवाई बनी सिर्फ औपचारिकता?

लगातार बढ़ते ऐसे मामलों ने जनसुनवाई की उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरियादियों का कहना है कि आवेदन जमा हो रहे हैं, लेकिन कार्रवाई सिर्फ फाइलों तक सीमित है।अब देखना होगा कि प्रशासन इन गंभीर आरोपों पर कब और क्या ठोस कदम उठाता है, या फिर पीड़ितों को न्याय के लिए और दर-दर भटकना पड़ेगा।

## जिले के 57 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुईं बोर्ड परीक्षाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के 57 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई बोर्ड परीक्षाएं गुनाः कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई। जिले में परीक्षा के लिए कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, इनमें से नौ अति संवेदनशील हैं। पहला पेपर मंगलवार को कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय का एवं 10वीं के उर्दू विषय का रहा। परीक्षा में करीब 28 हजार छात्र पंजीकृत किए गए हैं। सुबह नौ बजे से परीक्षा शुरू हुई।

इस बार संबंधित पुलिस थानों से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्र पहुंचने की निगरानी भोपाल से एप के जरिए हुई। कलेक्टर प्रतिनिधि के साथ सीएस व एसीएस थानों में प्रश्न पत्र का बक्सा खोलते ही फोटो एप पर अपलोड किए। 15 मिनिट का समय प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने के लिए निर्धारित किया गया । परीक्षा सुबह नौ बजे से शुरू हुई 8.45 बजे प्रश्न पत्र परीक्षार्थियों की मौजूदगी में खोलकर वितरण शुरु हुआ।

### अतिसंवेदनशील केंद्रों पर मंडल प्रेक्षक मौजूद रहे

बोर्ड परीक्षा के लिए उत्कृष्ट विद्यालय गुना को नोडल केंद्र बनाया गया है। स्कूल के प्राचार्य एचएनजाटव ने बताया कि सभी नौ अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर अतिरिक्त मंडल प्रेक्षक तैनात किए गए, हैं।

इनके अलावा राजस्व व शिक्षा विभाग के संयुक्त उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर नकल रोकने को लेकर निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्रों पर सीएस व एसीएस ब्लाक अदला-बदली कर तैनात किए गए। परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए फस्टेड बाक्स, पेयजल, ग्लूकोज आदि का प्रबंध रहे। सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई ।जेमर व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रही। मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रोनिक डिवाइस प्रतिबंधित रहें। बोर्ड परीक्षा सात मार्च तक चलेंगीं। अंतिम पेपर हिंदी का रहेगा।

## जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 240 आवेदन किए प्रस्तुत

**गुना** । शासन के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। आज विभिन्न आवेदकों ने जनसुनवाई में सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये, जिनके निराकरण के निर्देश दिये गये। आज इस दौरान लगभग 240 आवेदन नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर शकिशोर कुमार कन्याल द्वारा अधिक से अधिक लोगों को आधार एवं स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो इसके लिए विशेष प्रबंध के निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में आज जनसुनवाई में नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईव्ही की जांच सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी गई, जिनका बड़ी संख्या में आवेदकों द्वारा लाभ लिया गया। आज जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल द्वारा विभिन्न आर्थिक सहायता प्रकरणों में आवेदकों को सहायता राशि के चेक प्रदान किए गए। जनसुनवाई में तहसील चांचौड़ा निवासी मुकेश पुत्र नन्नूलाल लोधा, तहसील राघौगढ़ निवासी अनुसुईया पत्नी स्व. पुखराज लोधा, ग्राम ढोलबाज निवासी श्री राम प्रसाद अहिरवार तथा ग्राम मावन निवासी चरण सिंह पुत्र श्री गंगाराम अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता की मांग की गई थी। उक्त आवेदनों पर संवेदनशीलता दिखाते हुए कलेक्टर श्री कन्याल ने रेडक्रॉस सोसायटी से चारों आवेदकों को 10-10 हजार की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किए।

## खिड़की तोड़कर घुसे पांच नकाबपोश बदमाश, हनुमान कॉलोनी क्षेत्र में घटी वारदात

# सब-रजिस्ट्रार के सूने मकान से 30 लाख का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सुरक्षित माने जाने वाले हनुमान कॉलोनी क्षेत्र में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। राघौगढ़ में पदस्थ सब-रजिस्ट्रार राजीव ठाकुर के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात बदमाशों ने करीब 30 लाख रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इस हाई-प्रोफाइल चोरी में 15 तोला सोना, 8 लाख की नगदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज चोरी हुए हैं।

इलाज के लिए परिवार इंदौर गया था। वारदात उस वक्त हुई जब सब-रजिस्ट्रार राजीव ठाकुर अपने पिता को



हार्ट अटैक आने के कारण पूरे परिवार के साथ इंदौर में उनका उपचार कराने गए हुए थे। तीन मंजिला मकान सूना होने का फायदा उठाकर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 5 बदमाश बाउंड्री फांदकर अंदर दाखिल हुए। शातिर चोरों ने बरामदे की खिड़की की लोहे की ग्रिल काटी और कमरों में घुसकर कोहराम मचा दिया। अलमारियों के ताले तोड़कर बदमाशों ने सोने-चांदी के जेवरात और नकदी के अलावा जमीन के कागजात व इनकम टैक्स से जुड़े जरूरी दस्तावेज भी एक सूटकेस में भरकर ले उड़े। जाते-जाते चोर घर में खड़ी एक बाइक भी चुरा ले गए। सीसीटीवी में कैद हुई बदमाशों की हलचल सुबह जब दूधवाला पहुंचा, तब मुख्य दरवाजा खुला देख घटना का खुलासा हुआ।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में 5 संदिग्ध युवक घर में घुसते और निकलते दिखाई दे रहे हैं। बदमाशों ने काफी तसल्ली से पूरी चोरी को अंजाम दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर संदिग्धों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें गठित कर दी हैं।

### जिले के 3 आदतन अपराधियों को 1-1 वर्ष की अवधि के लिए किया जिलाबदर

**गुना** । कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिले के 03 आदतन अपराधी को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धाराओं के अंतर्गत 01-01 वर्ष के लिए जिलाबदर करने के आदेश जारी किए गये हैं। जारी आदेश अनुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कन्याल ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आदतन अपराधी राजेन्द्र रघुवंशी पुत्र राम सिंह रघुवंशी निवासी मिनख्याई थाना म्याना, कल्ला ऊर्फ सुरेन्द्र जाटव पुत्र मेहरबान जाटव निवासी डुंगासरा थाना म्याना तथा भानू पुत्र रामूसिंह रघुवंशी निवासी मिनख्याई थाना म्याना जिला गुना को 01-01 वर्ष के लिये गुना जिला एवं इससे लगी सीमावर्ती जिले शिवपुरी, अशोकनगर, राजगढ़, विदिशा, भोपाल की सीमा से निष्कासन संबंधी आदेश पारित किये गये हैं

# बाइक चोर गिरफ्तार, चोरी हुई मोटर साइकिल की गई बरामद

## आरोन थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आरोन थाना पुलिस द्वारा मोटर सायकिल चोरी के मामले में सक्रियता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई मोटर सायकिल बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है ।उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 सितंबर 2025 को फरियादी नरेश पुत्र लालाराम अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम देहरीकला, थाना आरोन के द्वारा अपनी बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल क्रमांक MP08 ZA 6693 के अपने गांव देहरीकला से चोरी होने की रिपोर्ट आरोन थाने पर दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 443/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई । आरोन पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अज्ञात आरोपी पहचान हेतु अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय किया तथा तकनीकी संसाधनों का विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की तलाश व पतारसी के सघन प्रयास किये गये । प्रकरण में पुलिस के सतत सूचना संकलन एवं प्रभावी तकनीकी विश्लेषण के परिणाम स्वरूप बीते रोज मुखबिर सूचना पर आरोन थाना पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी हल्के पुत्र मोजीलाल अहिरवार उम्र 31 साल निवासी ग्राम देहरीकला थाना आरोन हाल शारा कॉलोनी आरोन जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं जिसके कब्जे से प्रकरण में चोरी हुई बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल बरामद की गई ।आरोन थाना पुलिस की इस सक्रिय एवं सफल कार्यवाही में इंचार्ज आरोन थाना प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुशवाह, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र गुर्जर, प्रधान आरक्षक करन सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक प्रेमनारायण, आरक्षक शुभम यादव, आरक्षक सचिन परिहार, आरक्षक तरुण पटेल, आरक्षक नीतेश दुबे एवं आरक्षक जितेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही है



11 फरवरी को आरोन कप 2026 का फाइनल

## दा कल्ट जिम और ए टू जेट के बीच खिताबी भिड़ंत

विधायक जयवर्धन सिंह रहेंगे मुख्य अतिथि



**आरोन(हरिभूमि न्यूज)।** स्व. श्री बलवीर सिंह जी रघुवंशी (पनवाड़ी हाट) की पुण्य स्मृति में स्व. राजा बलभद्र सिंह स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में आयोजित ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट "आरोन कप 2026" सीजन-2 का भव्य आयोजन पूरे उत्साह के साथ जारी है। शुभारंभ के बाद से ही प्रदेश स्तरीय टीमों के बीच प्रतिदिन रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान पर रहे हैं। पूरे क्षेत्र में टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह बना हुआ है।सेमीफाइनल मुकाबलों में पहला मैच हैप्पी क्लब और दा कल्ट जिम के बीच खेला गया, जिसमें शानदार गेंदबाजी और दमदार बल्लेबाजी के दम पर दा कल्ट जिम ने जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल ए टू जेट बाल्मिका और श्री राधे 11 महुदा के बीच खेला गया, जहां दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कड़ा संघर्ष करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। ए टू जेट बाल्मिका ने दूसरा मुकाबला अपने नाम कर फाइनल में प्रवेश किया।अब टूर्नामेंट की दो सर्वश्रेष्ठ टीमों दा कल्ट जिम और ए टू जेट के बीच 11 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे खिताबी मुकाबला खेला जाएगा, जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह है।आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 1,50,000 रुपये प्रवेश रघुवंशी (सरपंच, पनवाड़ी हाट) द्वारा तथा द्वितीय पुरस्कार 75,000 रुपये अंकित रघुवंशी (बरोद) की ओर से प्रदान किया जाएगा। आकर्षक पुरस्कार राशि के कारण टीमों के बीच जीत की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है और हर मैच रोमांच से भरपूर हो रहा है।दर्शकों के लिए भी टूर्नामेंट में विशेष आकर्षण रखा गया है। बाउंड्री के बाहर यदि कोई दर्शक एक हाथ से कैच पकड़ता है तो उसे आयोजन समिति की ओर से 1000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जा रहा है। अब तक कई दर्शक यह पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं, जिससे मैदान में उत्साह और भी बढ़ गया है। दर्शकों के उत्साह को देखते हुए फाइनल मुकाबले में बाउंड्री के बाहर एक हाथ से कैच लेने पर यह राशि बढ़ाकर 11,000 रुपये कर दी गई है, जो विधायक प्रतिनिधि मिंटू लाल जैन द्वारा प्रदान की जाएगी।फाइनल मैच में संपूर्ण टूर्नामेंट के "बेस्ट दशक अवार्ड" का चयन भी किया जाएगा। आरोन कप के तहत खेले जा रहे मुकाबलों ने पूरे क्षेत्र में खेल का सकारात्मक माहौल बना दिया है। खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन और दर्शकों का जोश इस आयोजन को और भी विशेष बना रहा है।नगर परिषद उपाध्यक्ष संध्या राजीव रघुवंशी एवं आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे 11 फरवरी को दोपहर 12:00 बजे होने वाले फाइनल मुकाबले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करेंगे।



# कलेक्टर ने किया हस्तशिल्प प्रदर्शनी-2026 का शुभारंभ

पुलिस अधीक्षक के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में फरार आरोपियों पर गुना पुलिस की प्रभावी कार्यवाही





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना.

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल द्वारा कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी–2026 का शुभारंभ प्रताप छात्रावास, गुना में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला गुना अभिषेक दुबे के रूप में उपस्थित रहे। वहीं अमित सहारे, सहायक निदेशक (हस्तशिल्प), कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, ग्वालियर की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा निर्मित विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिनमें जूट बैग, जरी वर्क, एम्ब्रॉयडरी, बाँस शिल्प उत्पाद, हैदराबाद की कलमकारी, बिहार की शिल्पकला, जयपुर की लटकन मीनाकारी, दिल्ली एवं आगरा की ज्वेलरी, देहरादून का कुशिया वर्क, बैंगलोर का पेंटिंग वर्क, राजस्थान की क्ले एवं क्रोकरी, उत्तर प्रदेश का टलाश वर्क, मध्यप्रदेश की दरी, बेडशीट, बीड वर्क, तोरण आर्ट, लेदर आर्ट, खजूर शिल्प तथा बुरहानपुर की लकड़ी के खिलौने प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा स्टॉलों पर संबंधित कारीगरों एवं राज्यों के नाम प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। प्रदर्शनी में प्रदर्शित हस्तशिल्प उत्पादों की आकर्षक प्रस्तुति की अतिथियों द्वारा सराहना की गई तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया गया, जिससे स्थानीय हस्तशिल्प को प्रोत्साहन मिले और आमजन पारंपरिक कला-संस्कृति से परिचित हो सके।

उपायुक्त सहकारिता मुकेश जैन ने आमजन से अपील की कि यह हस्तशिल्प प्रदर्शनी 16 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रताप छात्रावास, मैन रोड, गुना (म.प्र.) में आयोजित रहेगी, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## विद्यार्थियों को मिला निःशुल्क दंत परीक्षण व परामर्श

पूर्व हमीदिया चिकित्सक डॉ साहिब सलीम अली ने किया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ

श्री सत्य साईं विद्या विहार, गेल, विजयपुर एवं केंद्रीय विद्यालय गेल में डी वी एस एडवांस डेंटल क्लिनिक, राघौगढ़ द्वारा दंत स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दांतों एवं मुंह की स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा प्रारंभिक अवस्था में दंत रोगों की पहचान करना रहा।शिविर में डॉ साहिब अली (पूर्व चिकित्सक, हमीदिया हॉस्पिटल) एवं डॉ रिया द्वारा विद्यार्थियों के दांतों की विस्तृत जांच की गई। डॉ साहिब अली ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि बचपन से दांतों की सही देखभाल करने से जीवनभर दंत समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने सही ब्रश करने की विधि, दंत स्वच्छता बनाए रखने, तंबाकू एवं जंक फूड से होने वाले नुकसान तथा नियमित दंत जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।शिविर के दौरान इमरान खान (भारत मेडिकल) द्वारा निःशुल्क दवाइयों का सहयोग प्रदान किया गया। वहीं चमन विश्वकर्मा एवं अभिषेक कोरिया ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क दवाइयां एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की।कार्यक्रम का समापन"बचपन की मुस्कान, देश की शान – स्वस्थ दांत, सुंदर मुस्कान"के प्रेरक संदेश के साथ किया गया।

## विशेष गीता स्वाध्याय हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सिसोदिया कॉलोनी स्थित सुरेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ के निवास पर विशेष गीता स्वाध्याय का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सतीश चतुर्वेदी ने महाभारत प्रसंग के माध्यम से भीष्म पितामह, धृतराष्ट्र और कौरव-पांडव पक्ष की मनोस्थिति पर प्रकाश डाला। स्वाध्याय से पूर्व सुरेन्द्र प्रसाद वशिष्ठ ने सपत्नीक श्रीमद्भगवद्गीता का पूजन किया। कार्यक्रम में गीताजी का प्रारंभिक गीत, गणेश-गौरी गुरु वंदना, रामायण चौपाइयों और गीता महात्म्य का पाठ कराया गया। वक्ताओं ने सत्य, सदाचार, करुणा और जीव-जंतुओं के संरक्षण जैसे विषयों पर विचार रखे। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और नियमित स्वाध्यायी उपस्थित रहे।अंत में सभी ने सुरेन्द्र प्रताप वशिष्ठ एवं श्रीमती अल्पना वशिष्ठ को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। बजरंगगढ़ से पधारे पंडित चंद्रप्रकाश भट्ट ने गीता भजन प्रस्तुत किए।



# रोड के कार्य में भ्रष्टाचार को देखते ही भड़के विधायक

इंजी. ऋषि अग्रवाल ने ठेकेदार कर्मचारी और अधिकारियों की लगा दी क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



बमोरी विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल को कई दिनों से फतेहगढ़ स्टेट हाईवे निर्माण में भ्रष्टाचार ख़राब मटेरियल को लेकर कई बार अधिकारियो को अवगत करवा चुके थे । मगर विभाग और ठेकेदार के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा था । कल जब फतेहगढ़ से विधायक निकल रहे थे उस समय उन्होंने देखा की रोड पर काली मिट्टी डाली जा रही है तो तुरंत विधायक ने रोड खड़े होकर ठेकेदार के इंजिनियर और कंसल्टेंसी इंजीनियर को बुलाकर क्लास लगा दी। विधायक ने देखा की रोड निर्माण में गुणवत्ता के साथ समझौता कर भ्रष्टाचार किया जा रहा है । इसको देखते ही विधायक भड़क गए और उन्होंने ठेकेदार इंजिनियर और कंसल्टेंसी इंजीनियर की रोड पर ही क्लास लगा दी । इंजीनियर विधायक ऋषि अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा की मैं भी एक इंजीनियर हूं क्या ऐसी रोड बनती है क्या इस रोड में काली मिट्टी डालने का प्रावधान है। मैं अपने विधानसभा क्षेत्र में किसी भी कार्य में ऐसे भ्रष्टाचार नहीं होने दूंगा ठेकेदार के इंजिनियर और कंसल्टेंसी इंजिनियर को विधायक ने रोड पर खड़े होकर कई कमियां दिखाईं दोनों इंजीनियर ने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि आगे से गलती नहीं होगी। विधायक ने कहा है रोड की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा आपको रोड का निर्माण नियम अनुसार बेहतरीन क्वालिटी में करना होगा, विधायक ने कहा है कि मैं मेरे क्षेत्र में किसी भी कार्य में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं किसी भी कीमत पर।

> क्षेत्र के जागरूक युवाओं की एक टीम गठित की गई है जो इस रोड की निगरानी करेंगे जहां भी भ्रष्टाचार होगा तुरंत मुझे जानकारी देंगे और मैं खुद स्वयं इसका समय समय पर निरीक्षण करूंगा
> **-इंजी. ऋषि अग्रवाल,** विधायक बमौरी

# खनिज सामग्री का अवैध परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्राली जब्त





**अशोकनगर।** जिले में खनिज सामग्री के अवैध परिवहन को रोकने के लिए खनिज विभाग द्वारा पुलिस के सहयोग से अवैध कारोबार में लगे दो रेत कारोबारियों पर कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के चलते दो ट्रैक्टर ट्राली जप्त किए गए हैं।

पुलिस थाना पिपरई ने कार्यवाही के दौरान एक वाहन खनिज खण्डा् पत्थर का अवैध परिवहन करता हुआ कार्यवाही की जाकर पुलिस थाना की अभिरक्षा में रखवाया गया। प्रकरण खनिज विभाग को प्रेषित किया गया जिसमें खनिज विभाग द्वारा अग्रिम कार्यवाही की गई। अन्य एक कार्यवाही दौरान खनिज विभाग अशोकनगर द्वारा कार्यवाही करते हुए नईसरायं थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध खनिज रेत/बजरी परिवहन करता वाहन ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए वाहन को पुलिस थाना नईसराय की अभिरक्षा में रखवाया गया।

## करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत



**पिपरई।** नगर के वार्ड क्रमांक 09 केशोंपुर में जियो टावर के ट्रांसफर से करंट लगने से मंगलवार को सुबह एक राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोर ट्रांसफर के तार या खुले करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में दुख और आक्रोश देखा गया। लोगों ने जियो टावर से खुले तारों को तुरंत ठीक करने और ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की है। मोर के करंट लगने की सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी वह मौके पर पहुंचे और सम्मान के साथ मृतक मोर को ले गए। मोर राष्ट्रीय पक्षी होने के कारण लोगों में इस घटना को लेकर विशेष संवेदना देखी गई।

# शाढ़ौरा में 12वीं बोर्ड परीक्षा शुरू अंग्रेजी का पेपर देकर निकले छात्र

### 303 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा





**शाढ़ौरा।** मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। प्रथम दिवस कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। शाढ़ौरा में बनाए गए दो परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों ने उत्साहपूर्वक परीक्षा दी।

शाढ़ौरा के हायर सेकेंडरी स्कूल एवं द्रौपदी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केन्द्रों पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दोनों केन्द्रों पर शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जहां कुल 303 छात्रों ने परीक्षा दी। हायर सेकेंडरी स्कूल केन्द्र प्रभारी श्रीमती आशा रघुवंशी ने बताया कि केन्द्र पर दर्ज सभी 117 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। वहीं द्रौपदी पब्लिक स्कूल केन्द्र प्रभारी महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी कि उनके केन्द्र पर पंजीकृत सभी 186 छात्रों ने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा दी। छात्रों ने सिलेबस के अनुसार प्रश्नपत्र आने पर खुशी जताई और पेपर को सरल बताया। परीक्षा के दौरान पुलिस के चाक-चैबंद सुरक्षा प्रबंध रहे।

## मंगलवार को श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर टीका फलदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मंगलवार को विशेष उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ का टीका फलदान डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी द्वारा उनकी धर्मपत्नी सहित मंदिर पर पहुंचे और आयोजन हुआ। यह समस्त आयोजन पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चल रहे हैं।

वह अपने घर से सभी प्रकार के फल मेवा मिठाई भगवान शिव भोले को वस्त्र आभूषण तथा महिलाओं को प्रसाद मे सुहाग श्रृंगार प्रसाद के रूप में बटवाया तथा विधिवत भगवान का अभिषे के साथ साथ में हिंदू धर्म लोक रीति रिवाज के अनुसार टीका फलदाण पुरोहित द्वारा संकल्प किया गया। संगीत में सभी शिव भक्तों ने पार्थिव शिवलिंगों के सहित भगवान देवाधी देव महादेव की महा आरती की कथा प्रसाद का वितरण किया एवं बाद में संगीत में महिलाओं ने मधुर भजन प्रातः 10:00 बजे सेशाम के 7:00 बजे तक भजन गाए आज के शिव लिंग पार्थिव पात्रों की निर्माण संख्या 96 हुई जिनकी कुल संख्या 10368 शिव पार्थिवलिंगों की निर्माण संख्या हुई उन सभी का एक साथ में मंत्र उपचार के साथ शिवविवाह के पुरोहित महेंद्र शर्मा ने पंचामृत द्वारा पूजन करवाया तथा पुजारी किशन लाल मिश्रा ने पुरुष सूक्त द्वारा सोडसो उपचार से अभिषेक किया तथा महिलाओं ने टीका फल दाण के समय बहुत सारी नीछावरे उतार कर गाजे बाजे बालों को दी।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 स्मार्ट तकनीक और सुरक्षित विकल्प से बनेगा डिजिटल भविष्य





**अशोकनगर।** सेफर इंटरनेट डे 2026 के अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में जिला एनआईसी अशोकनगर द्वारा कलेक्टर कार्यालय एवं पीएमश्री स्कूल अशोकनगर में कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता पर विशेष रूप से मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का सहयोग सराहनीय रहा। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी राहुल वर्मा, लीड ट्रेनर निरपाल सिंह पवार, ई-गवर्नेंस प्रबंधक पुष्पेंद्र शर्मा, एनआईसी इंजीनियर शिवराम नामदेव, रविंद्र त्यागी लोक सेवा प्रबंधक जकेले एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवांकुर वाटिका और नवांकुर नर्सरी का किया निरीक्षण, ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया





**ईसागढ़।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर सेक्टर 3 ढाकोनी अन्तर्गत आने वाली ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नरसुखेडी में आज नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन द्वारा नवांकुर वाटिका और नवांकुर नर्सरी का निरीक्षण किया। इस मौके पर वाटिका एवं नर्सरी के पौधों को देखा उनकी देखरेख पर चर्चा की और ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत अपने घर परिवार के सदस्यों मित्रों और पड़ोस में रहने वाले लोगों के जन्मदिन त्यौहार और उपहार में पौधे भेंट करें और उनका पालन पोषण और उचित व्यवस्था कर देखरेख करे। जिससे पौधे जीवित रहे इस दौरान समिति सचिव दिनेश कुमार सेन सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष दिलीप राठौर की अध्यक्षता में शासन के 10 विभागों की 22 योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को जागरूक किया सभी उपस्थित ग्रामीणों का आभार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष दिलीप राठौर द्वारा व्यक्त किया गया।

## शिक्षकों को नहीं मिला वेतन, डिफॉल्टर होने के साथ ही सिविल हुई खराब

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश में शासनादेशानुसार माह की एक तारीख़ को सरकारी कर्मचारियों वेतन भुगतान करने का प्रावधान है। लेकिन अशोकनगर जिले में अशोकनगर विकासखंड के शिक्षकों को फरवरी माह का दूसरा सप्ताह आने के बाद भी जनवरी माह का वेतन नहीं मिला है। लंबित वेतन ने मिलने से शिक्षक अपने लोन की किश्त निर्धारित समय पर जमा न करने से डिफॉल्टर हो गए, वहीं उनकी सिविल भी ख़राब हो गई। वह अपनी आर्थिक ज़रूरतें पूरी करने के लिए परेशान भी हो रहे हैं। मध्यप्रदेश राज्य शिक्षक उत्थान संघ विभागीय प्रशासन के इस रवैए पर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए शिक्षकों को नियमानुसार हर माह की एक तारीख़ को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की मांग करता है। साथ ही विगत माह का वेतन एवं क्रमोन्नति एरियर अविलंब दिए जाने की मांग को दोहराता है। अन्यथा की स्थिति में शिक्षक सामूहिक रूप से विरोध प्रदर्शन स्वरूप विद्यालयों से कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर में कूच करेंगे।

## पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह ने क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई

कस्बे के समीपस्थ ग्राम बक्सनपुर में स्वर्गीय राव देशराज सिंह यादव की स्मृति में बक्सनपुर प्रीमियर लीग का उद्घाटन मध्य प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राधौगढ़ विधायक बाबा जयवर्धन सिंह ने फीता काट कर ओर क्रिकेट की पिच पर चैके छक्के लगा कर किया। जिनके साथ में अशोकनगर विधायक हरीबाबू राय जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह कांग्रेस पार्टी के महा सचिव राव यादवेंद्र सिंह यादव ब्लाक अध्यक्ष मुकेश लोधी ओर शोभाराम राजपूत के साथ बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

प्रीमियर लीग के शुभारंभ मौके पर वावा साहब ने कहा कि खेल से मित्रता बढ़ती हे।ओर इस छोटे से ग्राम में इतनी अच्छी प्रतियोगिता में पूरे ग्राम के साथ आयोजक कमेटी को धन्यवाद देता हूं ओर कामना करता हूं यह प्रतियोगिता सफल हो। क्रिकेट का सीजन हे हमारे देश में 20 टोंटि को हो रहा है और भारत इस विश्वकप को जीते। राव यादवेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इस ग्राम से मेरे पूज्य पिताजी को बहुत स्नेह ओर प्यार मिलता था। वह भी इस ग्राम को अपना परिवार मानते थे। में अपने पिताजी के आदर्शो पर चलते हुए हमेशा आपकी सेवा में तात्पर्य हूं। युवाओं में क्रिकेट के प्रति बहुत दिवानगी है। खेल हमेशा ईमानदारी से खेलना ओर खेल हमारे जीवन में शरीर के लिए बहुत जरूरी है और जो भी इस आयोजनकर्ता है उनको मेरी शुभकामनाएं की आप एक छोटे से ग्राम में इतना बड़ा आयोजन कर रहे है। मेरी शुभकामनाएं हैं अगली बार इससे बड़ा आयोजन करें। इस मौके पर खिलाड़ियों सहित कई नेतागण उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बिल्हुरू निवासी रानी राजपूत उम्र 23 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की ओर से हरिओम, रामबाबू, पार्वती बाई राजपूत ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### उपचार करा रहे दो रोगियों की मौत


**अशोकनगर।** जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार करा रहे दो रोगियों की मौत हो गई। जिनमें गंगाराम पुत्र तुलाराम निवासी आमखेडा तूमैन उम्र 25 साल को जलने के बाद झुलसी हुई अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार ग्राम गोरा सोनेरा निवासी नीरज रघुवंशी को जहरीला पदार्थ खाने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने नरसूखेड़ी निवासी रामचन्द्र राव मराठा के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ही ईसागढ के भटियाना मोहल्ला निवासी गुरूचरण सिक्ख के पास से 07 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने नरसूखेडी निवासी रामपाल आदिवासी से 5 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, इंदौर से आई नारकोटिक्स की टीम, जिला पुलिस बेखबर

# 3 दिन पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में घूमती रही, डेढ़ करोड रुपए की सामग्री बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चन्देरी थाने की विक्रमपुर चैकी के अंतर्गत ग्राम कडराना में नारकोटिक्स पुलिस ने एक ड्रग्स बनाने की बड़ी फैक्ट्री का खुलाशा किया है। यहां से नारकोटिक्स के अमले ने डेढ़ करोड़ रूपए कीमत की सामग्री बरामद की है, जिससे एमडी ड्रग्स बनाने का कारोबार किया जा रहा था। नारकोटिक्स पुलिस ने चोरी छिपे कडराना गांव में चल रही इस ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी प्रियाशुं जैन उम्र 31 साल और राघवेन्द्र सिंह परमार उम्र 38 साल को गिरफ्तार किया है। इन्दौर नारकोटिक्स पुलिस इन दोनो ही आरोपियों को अपने साथ ले गई है।

दरअसल इस पूरे मामले की कहानी यह है कि इस जहरीले ड्रग्स को बनाने का बड़ा कारोबार चलाने वाले लोग प्रशासन की आंखों में धूल झौंककर इस कारोबार को कडराना गांव में कर रहे थे। न तो चन्देरी की पुलिस को कोई जानकारी थी न जिला प्रशासन को कोई पता था। यह दोनों ही पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी रहीं और इन्दौर की नारकोटिक्स पुलिस ने इस बड़े ड्रग्स कारोबार का भंडाफोड़ किया है। कडराना गांव में गुप्त स्थान पर चल रहे इस कारोबार में कितने लोग शामिल है इसका पता नहीं है। दरअसल इन्दौर की नारकोटिक्स के हत्थे एक आरोपी चढ़ा था जब इस आरोपी से नारकोटिक्स पुलिस ने पूछताछ की तब उसने इस तरह की सामग्री उन तक भेजने वाले लोगों के नामों का खुलाशा किया।

### डीएसपी 4 टीआई और 11 जवानों की टीम कडराना गांव पहुंची

जिसके बाद नारकोटिक्स पुलिस के डीएसपी संतोष हाड़ा के नेतृत्व में 4 इंस्पेक्टर, 11 कांस्टेवल और हेड कांस्टेवल को मिलाकर कुल 15 का अमला 4 वाहनों से चन्देरी पहुंचा और वहां से सुराग लगाते हुए विक्रमपुर चैकी के कडराना गांव पहुंचा। जहां पुलिस के यह 15 जवान सादा ड्रेस में गांव में इस अवैध फैक्ट्री का पता लगाने के काम में जुटे रहे। जिसके बाद नारकोटिक्स पुलिस ने यह अवैध ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का खुलाशा किया है, यहां एक मकान के अंदर यह फैक्ट्री कैमीकल पदार्थों से तैयार की जा रही थी।

### अंतर्राष्ट्रीय बाजार में जप्त डेढ़ किलो माल की कीमत डेढ़ करोड़

यहां एमडी ड्रग्स तैयार किया जा रहा था, इसे कैमिकल्स के माध्यम से बनाया जाता है, यह नशा हीरोइन,स्मैक से भी ऊपर है इस तरह के नशे की सामग्री का उपयोग बड़ी बड़ी पार्टियों और नाईट क्लबों में किया जाता है, यहां कईं तरह का माल लाकर कैमिकल तैयार कर ड्रग्स के बड़े माफियाओं को सप्लाई किया जाता है। यहां से इन्दौर से आई नारकोटिक्स की पुलिस ने प्रियाशुं पुत्र सुनील जैन निवासी हाटकापुरा चन्देरी और राघवेन्द्र पुत्र बलराम सिंह परमार उम्र 38 साल निवासी कडराना को गिरफ्तार किया है। यह घर राघवेन्द्र सिंह का है यहां से नारकोटिक्स पुलिस ने 1 किलो 282 ग्राम तैयार सुदा अवैध मादक पदार्थ एमडी तथा 2 किलो 579 ग्राम अर्घडोस नरल मादक पदार्थ, 45 किलो एमपडी बनाने का कैमीकल, एक होण्डा कंपनी की कार जिसका नंबर एमपी04 सीयू 5182 है, दो मोबाइल फोन, एक लांयसेंसी पिस्टल मय 15 जिंदा कारतूस तथा एमडी बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

### नारकोटिक्स पुलिस दोनों आरोपियों को अपने साथ इन्दौर ले गई

इस संपूर्ण मामले में नारकोटिक्स पुलिस दोनों आरोपियों को अपने साथ गिरफ्तार कर इन्दौर ले गई है। इस पूरे मामले में पुलिस इन दोनों आरोपियों से मिले मोबाइल के आधार पर उनके संपर्क सूत्र तलाश रही है कि उनके द्वारा यह माल कहां भेजा जाता था, कौन कौन से तश्कर उनके संपर्क में हैं कोई बड़ा अर्तराज्यीय गिरोह से तो संपर्क नही हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इनके द्वारा यह कारोबार कब से किया जा रहा है। इस तैयार किए गए माल को क्या इनके ही द्वारा बाहर जाकर सप्लाई किया जाता था या कोई नशे के सौदागर इस माल को लेने के लिए कडराना गांव पहुंचते थे। जिस तरीके से यह कारोबार का अवैध व्यापार की फैक्ट्री मिली है उसे देखते हुए नारकोटिक्स के अधिकारियों को लगता है कि पेशेवर तरीके से यह कारोबार यहां किया जा रहा था।

### नशे के सौदागर शांत कहे जाने वाले जिले के चंदेरी कस्बे में पहुंचे

नशे के सौदागर मध्यप्रदेश के सबसे शांत कहे जाने वाले अशोकनगर जिले में इस कारोबार को करने में लगे थे लेकिन अशोकनगर तो छोड़ चन्देरी पुलिस को भी पता नहीं था आखिर जिले में पुलिस का खुफिया तंत्र कमजोर क्यों हैं क्यों अशोकनगर जिले की पुलिस को इन नशे के सौदागरों का कोई पता नही चला। क्या कारण है कि इन्दौर की नारकोटिक्स पुलिस को इन आरोपियों को पकड़ने के लिए 400 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चन्देरी पहुंचना पड़ा।

### जिले के पुलिस अधिकारियों ने कहा नारकोटिक्स की कार्रवाई

अशोकनगर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर ने बताया कि मध्यप्रदेश में नारकोटिक्स का बड़ा हेडक्वार्टर इन्दौर है जहां से पूरे नशे के बड़े कारोबारियों पर नजर रखी जाती है। एमडी ड्रग्स के माध्यम से छोटी छोटी गोलियां तैयार की जाती हैं और इन्हे नशा करने वालों को दी जाती हैं। यह इतनी भयानक नशे की गोलियां होती हैं कि उपयोग करने वाले को इसकी लत पड़ जाती है इसीलिए इसका नाम चरस,स्मैक से ऊपर है। जो सामग्री मिली है उसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डेढ़ करोड़ रूपए की कीमत है।

### सकरी गली में फंसने से गाय की मौत, लोगों में रोष

**पिपरई।** नगर के बीएसएनएल टावर के पास आंगनबाड़ी केंद्र के पीछे स्थित एक सकरी गली में फंसने से एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाय गलती से संकरी गली में घुस गई थी, जहां आगे निकलने का कोई रास्ता नहीं था। लंबे समय तक फंसी रहने के कारण उसकी हालत बिगड़ती चली गई। सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, नगर परिषद के कर्मचारी तथा स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे और गाय को बाहर निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और गाय ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है। नागरिकों का आरोप है कि रेलवे स्टेशन रोड पर नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा बनाई गई नई दुकानों के निर्माण के दौरान लापरवाही बरती गई और गली को सुरक्षित तरीके से बंद नहीं किया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। लोगों ने बताया कि इससे पहले भी एक गाय यहां फंस चुकी थी, जिसे समय रहते निकाल लिया गया था। दर्दनाक घटना पर सकल हिंदू समाज ने शोक व्यक्त किया है। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ए.के. गौतम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लापरवाही पर नोटिस जारी करने की बात कही तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के निर्देश दिए।

### घर में चोरी करने का प्रयास

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत कांसल मार्केट निवासी ईशू कांसल पत्नी नीरज कांसल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दो अज्ञात लोगों ने फरियादी के घर में लगे एसी आउटर के तारों को चोरी करने का प्रयास किया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित




**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय अशोकनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय द्वारा एक्टिविटी सेशन मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक स्वास्थ्य हेतु मेडिटेशन तथा योग कक्षा आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय में पेयजल, शौचालय तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर्याप्त रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नवीन भवन निर्माण हेतु पत्राचार तथा कम्युनिकेशन कर कार्य शुरू किये जाने के निर्देश दिए। अंशकालीन शिक्षकों के पैनल बनाने हेतु साक्षात्कार की प्रकिया सही समय पर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए टेंडर प्रक्रिया किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रातःकालीन सभा में राष्ट्रगान के साथ साथ राष्ट्रगीत भी शामिल किया जाए। प्रातःकालीन सभा में 5 मिनट्स का योग सत्र तथा 5 मिनट्स का ध्यान( मेडिटेशन) भी शामिल किया जाए।

बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर,जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का त्रिवेदी, जीएम एमपीईबी मधुसूदन कोरी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी अशोक कुमार गुप्ता, दर्श दुबे संगीतज्ञ, भावना चैधरी अभिभावक सदस्य, अमर सिंह यादव अभिभावक सदस्य तथा केंद्रीय विद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य रमेशचंद्र बामनिया एवं हरिशंकर भारती वरिष्ठ शिक्षक, सरजीत कौशिक, दिलीप कुमार, महेंद्र यादव, नितेश लोधी, महिमा जैन, अपर्णा शर्मा बैठक में उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 132 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम के चलते 132 आवेदक शहर से लेकर गांव तक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी कृष्णभान सिंह आदिवासी द्वारा पट्टा दिलाए जाने,अशोकनगर निवासी विनोद अहिरवार द्वारा एम्बुलेंस सेवा में पुनः नियुक्त करने,ग्राम ढोढिया निवासी सबीता बाई अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम करख्या निवासी चंदन सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने,ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी गुलाबचंद जैन द्वारा भूमि से कब्जा हटाए जाने,ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी संगीता अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम रांठ निवासी मोहन सिंह द्वारा सीमांकन कराए जाने,नईसराय निवासी मुन्नीबाई द्वारा आवास एवं रोजगार दिलाए जाने,ग्राम चारौदा निवासी तोरन सिंह आदिवासी द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने,अशोकनगर निवासी सुनीता बाई द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# ब्लू चिप विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व न्यायाधीश व सचिव मनीष अनुरागी जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं व उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं) योजना-2015 अंतर्गत मंगलवार को ब्लू चिप विद्यालय अशोकनगर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर को संबोधित करते हुए न्यायाधीश मनीष अनुरागी ने बताया कि बालक देश का भविष्य व राष्ट्र की धरोहर है। आज का बालक आने वाले कल का नागरिक होकर राष्ट्र का निर्माता होगा। यही कारण है कि बालकों के सर्वांगीण विकास के लिए भारत के संविधान व कानूनों में उन्हें कई महत्वपूर्ण अधिकार प्रदान किए गए हैं और उनके हितों को संरक्षण प्रदान किए गए हैं। साथ ही उन्होंने बच्चो को अपराध के सामाजिक व आर्थिक कारण बताये तथा उन कारणो से स्वयं को कैसे दूर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के सामाजिक शैक्षिक एवं आर्थिक उन्नति में समाज की समृद्धि निहित है। बच्चों के प्रारम्भिक वर्ष उनके जीवन के लिए महत्वपूर्ण होते है।0से 6 वर्ष तक आते-आते बच्चों में ज्ञानात्माक, मनौवैज्ञानिक भावनाओं की जडें मजबूत होती है। भारतीय संविधान द्वारा 06 से 14 वर्ष के बालकों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित किया। साथ ही बच्चों नालसा हेल्पाईन नंबर 15100, चाईल्ड हेल्पलाईन नंबर 1098 आदि नंबर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें यह समझाना था कि उनके अधिकारों की रक्षा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कैसे मदद ली जा सकती है।

### लोक अदालत के आयोजन को लेकर बैठक

लोक अदालत के मध्यनजर समस्त बैंक एवं फाइनेंस कंपनियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक कैसे प्रकरणों को निराश्रित करने के विचार साझा किया। साथ ही 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में आने वाली समस्याओं से अवगत हुए और उन समस्याओं को समाधान एक दूसरे को सांझा किया गया।

# हायर सेकंड्री बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 91 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे





**अशोकनगर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षा अशोकनगर जिले के 33 केन्द्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा के पहले दिन 91 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले के सभी केन्द्रों पर पुलिस का अमला तैनात रहा, पूर्ण सुरक्षा के साए में यह परीक्षा आयोजित की गई।

इस बोर्ड परीक्षा में 6856 परीक्षार्थियों को शामिल होना था जिसके स्थान पर 6765 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस परीक्षा को लेकर परीक्षा केन्द्रों के बाहर 100 मीटर के दायरे में किसी को भी खड़े होने की पात्रता नहीं दी गई। सामुहिक और व्यक्तिगत नकल का कोई भी मामला सामने नहीं आया। इन सभी परीक्षा केन्द्रों पर इस बार जेमर एक प्राइवेट कंपनी द्वारा लगाए गए थे जिससे कि यदि कोई छात्र या शिक्षक मोबाइल रखता है वह मोबाइल फोन केन्द्र के अंदर कार्य नहीं कर सके। परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के दौरान सभी छात्र छात्राओं की चैंकिग की गई और छात्र छात्राओं से जूते चप्पल व मोजे केन्द्र के बाहर ही उतरवाए गए। सामुहिक नकल को रोकने के लिए प्रशासन के द्वारा जिले भर में उड़नदस्ता तैयार किए गए थे किन्तु कोई नकल का मामला सामने नहीं आया। जिले में बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जो संवेदनशील केन्द्र बनाए गए हैं उन केन्द्रों पर भी नकल रोकने के लिए बनाया गया अमला तैनात रहा।

### कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश की 12 वीं बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय के परीक्षा केन्द्र शासकीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्र प्रभारी एवं शिक्षकों को जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौंरा काछी निवासी रंजीत जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नितिन कोंसल और उसके कर्मचारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेहरा, थाना कुरवाई जिला विदिशा निवासी लवकुश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगभान अहिरवार निवासी नानौन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढोड़यिा निवासी बलवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिटठू, भवरसिंह, कमलसिंह, करतार सिंह, रघराज सिंह, लक्ष्मणसिंह, पप्पू,नेपाल कल्ला, पूरन, शैतान, कृष्णपाल, शिशुपाल, पतराम, हरतुम, गुडडा, कपिल जगभान, राजन, परमाल, भानसिंह यादव ने एक राय होकर खेत पर बनी टपरिया के विवाद पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भवंर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कमला, भरोसा, गुलाब, बलवीर, जजवीर, पवन, मधु, वेजंती, सिया, संदीप, हरीसिंह, रवि, मनोज, जयसिंह, सतीश, कल्ला, नीलेश, सोनू, और 5 अन्य लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# पीड़ित ने दबंगों से परेशान होकर जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार

### परिवार का आरोप-बच्चों को स्कूल नहीं जाने देते



**अशोकनगर।** जिले के बामौरा निवासी फूलसिंह पुत्र नारायण सिंह अहिरवार अपने परिवार के साथ जिले के अधिकारियों के पास गांव वालों से पीड़ित होकर फरियाद करने पहुंचा। फूल सिंह अहिरवार के परिजनों का आरोप है कि 2 वर्ष पूर्व पूरे गांव की मक्का की फसल में कीटनाशक दवाई का छिडकाव हुआ था इस पर एक लावारिस बछडा मारा गया था। जिसमें मेरी कोई गलती नहीं थी, गांव वालों ने उल्टा उस पर आरोप लगाया, और दबंगों ने मुझे गंगाजी भेजा, भंडारा करवा लिया और अब भी मुझे और मेरे परिवार को परेशान किया जा रहा है।

इस तरह की फरियाद लेकर फूलसिंह अहिरवार अपने परिवार जनों के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवंर के पास पहुंचा और अपनी दास्तान सुनाई और एक लिखित आवेदन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि गांव के कुछ दबंग दादागिरी का लाभ उठाकर उस पर जबरदस्ती आरोप लगा रहे हैं जिससे मेरा और मेरे परिवार का सामाजिक जीवन संकट में पड़ गया है। गांव का प्रेम सिंह कहता है कि रास्ते में कहीं मिल जाए तो काटकर बोरी में भरकर फैंक दो, गांव के लोगों द्वारा मुझे कईं तरह की प्रताडना दी जा रही हैं मेरे बच्चों को स्कूल जाने से रोका जा रहा है। दुकानों और हेंडपंप पर जाने से रोका जा रहा है। मेरे परिवार को जातिगत भेदभाव और छुआछूत सहना पड़ रहा है मुझे जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और 15 फरवरी को मेरे भाई के लड़के टीका फलदान के कार्यक्रम में उपद्रव फैलाने की धमकी दी जा रही है। फूल सिंह का कहना है कि वह अपनी बेटियों का विवाह भी नहीं कर पा रहा है।

### कार्रवाई की जाएगी

फूल सिंह अहिरवार द्वारा एक आवेदन जनसुनवाई में दिया गया है जिसे लेकर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवेदक और उसके परिवार को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, यदि आवेदक के अनुसार गांव के लोगों द्वारा दबंगई दिखाई जा रही है तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी और आवेदक को न्याय मिले इसके प्रयास किए जाएगें।

**श्री गजेन्द्र सिंह कंवर**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर।

### 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# हाथ भट्टी की 55 लीटर कच्ची अवैध शराब कीच गई बरामद



**अशोकनगर।** थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा अवैध शराब के विरुद्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये 55 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की वनी अवैध शराब कीमती 8250 रुपये सहित 02 आरोपिया को किया गिरफ्तार कर एवं 2000 लीटर लाहन नष्ट करने में सफलता प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग ग्राम श्यामगढ जंगल के नाले में हाथ भट्टीयों पर कच्ची शराब अवैध रुप से उतार रहे है। सूचना पर से थाना प्रभारी कदवाया द्वारा टीम गठित कर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये ग्राम श्यामगढ में दविश दी गई। दबिश के दौरान आरोपीगण पुष्पेन्द्र पुत्र विजय राम गुर्जर उम्र 23 साल निवासी ग्राम श्यामगढ, पवन पुत्र विजयराम गुर्जर उम्र 38 साल निवासी ग्राम श्यामगढ के शराब बनाते हुये मिले एवं उनके पास श्यामगढ नाले से आरोपीयों के कब्जे से 04 प्लास्टिक की केनों में पृथक पृथक कुल 55 लीटर हाथ भट्टी की वनी कच्ची शराब कीमती करीवन 8250 रुपये को पुलिस द्वारा जप्त किया गया व आसपास नाले एवं जंगल से करीवन 02 हजार लीटर लाहन कीमती करीवन 20 हजार रुपये का नष्ट किया गया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया आरोपीगण द्वारा पूछताछ पर उक्त शराब किन्ते उर्फ कुलविन्दर सरदार, रंजीत सरदार एवं सित्ते उर्फ सुरजीत सरदार निवासी ईशागढ के लिये बनाना अताया। जिस आधार पर प्रकरण में उक्त तीनों को भी आरोपी बनाया गया एवं आरोपीयों के विरुद्द अपराध क्र. 16/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीवद्द कर विवेचना में लिया गया।

पेयजल स्त्रोत की जांच के बाद हकीकत आई सामने, नप ने लगाए सूचना बोर्ड

# कुरावर में जल संकट ! 6 जल स्त्रोतों का पानी पीने योग्य नहीं






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-कुरावर

विगत महीने इंदौर में दूषित पानी पीने से बीमार हुए लोगों की मौत की घटना के बाद से प्रदेश भर में पेयजल स्त्रोत की जांच की गई। इसी के चलते कुरावर नगर में स्थित विभिन्न जलस्त्रोत की कार्यालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी नरसिंहगढ़ के निर्देश पर नगर परिषद कुरावर द्वारा निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित शासकीय कुओं और निजी कुड़ियों के जल के नमूने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पीएचई विभाग द्वारा जांचे गए। जांच रिपोर्ट में नगर के 6 जलस्त्रोत का पानी पीने योग्य नहीं पाया गया है। नगर में करीब 30 हजार की आबादी है तथा नगर में 15 वार्डों के निवासी पेयजल के लिए निजी जलस्त्रोत का उपयोग वर्षों से करते चले आ रहे हैं।

### इन वार्डों का पानी नहीं है पीने योग्य

विगत दिनों हुई जांच में नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले कई जल स्त्रोतों का पानी दूषित पाया गया है, जो कि पीने योग्य नहीं है। इनमें वार्ड क्रमांक 01 राम मंदिर के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 11 आरामशीन के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 12 हाट बाजार के पास शासकीय कुएं का पानी, वार्ड क्रमांक 13 शासकीय पार्क स्थित ट्यूबवेल का पानी, वार्ड क्रमांक 10 संतोष वाल्मीकि की कुंडी का पानी, वार्ड क्रमांक 07 सुनील सक्सेना की कुंडी का पानी आदि दूषित पाया गया है।

### अपील - न पिएं जल स्त्रोतों का पानी

नगर परिषद सीएमओ लीलाधर सेन ने बताया कि आदेश अनुसार हमने सभी स्थानों पर बोर्ड लगा दिया गया है और स्वच्छ बनाने के लिए सभी तरह के उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नगरवासियों से अपील की है कि वे इन जल स्त्रोतों का पानी पीने से बचें और स्वच्छ पेयजल के लिए अन्य विकल्पों का उपयोग करें।

### करोड़ों की जलावर्धन योजना भी फेल

2017 से म.प्र सरकार के एम.पी.यू.डी.सी द्वारा स्वीकृत करोड़ो रूपए की जल आवर्धन योजना के अंतर्गत रियान वाटर टैंक प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से कुरावर नगर के 15 ही वार्डों में पाइप लाइन डालकर नल कनेक्शन के माध्यम से हर घर नलों से शुद्ध जल देना था परंतु 8 साल बीत गए यह भी फिसड्डी ही साबित हुई। सरकार द्वारा करोड़ों खर्च करने के बाद भी नगरवासी पानी के लिए परेशान ही दिखाई दे रहे हैं।

प्रशासन की लापरवाही उजागर

# दो साल से बिना लाइसेंस चल रहा स्लॉटर हाउस




हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

प्रदेश की राजधानी भोपाल में हाल ही में बड़े स्तर पर गो मांस जब्ती की कार्रवाई के बाद भी स्थानीय प्रशासन की उदासीनता सामने आ रही है। सारंगपुर नगर में संचालित स्लॉटर हाउस बिना किसी वैध लाइसेंस के खुलेआम पशु वध का कार्य कर रहे हैं, वो भी विगत दो वर्षों से लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर मामले से पूरी तरह बेफिक्र नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार सारंगपुर में वर्तमान में दो स्लॉटर हाउस संचालित हैं, जिनमें नगर पालिका परिषद अथवा सक्षम विभाग से कोई वैध अनुमति या लाइसेंस नहीं लिया गया है। इसके बावजूद प्रतिदिन यहां पशुओं का वध किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल शासन के नियमों का खुला उल्लंघन है, बल्कि जनस्वास्थ्य, पर्यावरण और कानून-व्यवस्था के लिए भी बड़ा खतरा बनती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि स्लॉटर हाउस के आसपास गंदगी, दुर्गंध और अव्यवस्थित अपशिष्ट फैल रहा है। इससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई बार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि जब पूरे प्रदेश में पशुओं के संरक्षण को लेकर सख्त निर्देश जारी हैं और भोपाल जैसे बड़े शहर में कार्रवाई हो रही है, तब सारंगपुर में बिना लाइसेंस पशु वध का संचालन प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। इससे असामाजिक तत्वों के हौसले भी बुलंद हो रहे हैं। गोभक्तों ने मांग की है कि बिना लाइसेंस संचालित स्लॉटर हाउस को तत्काल बंद किया जाए।

### इनका कहना है...

23 दुकानदारों को लाइसेंस के नोटिस जारी किए हैं। वरिष्ठ अधिकारी से मार्गदर्शन लेकर लाइसेंस जारी करेंगे।

ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर

कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित

# आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




भैंसवा माता में सोमवार को कांग्रेस का संगठन सृजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा स्तरीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी और संजय कामले ने आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। पटवारी ने अपने संबोधन में बीजेपी नेताओं को कोसते हुए कहा की बीजेपी के पाखंड को कैसे तोड़े यह जनता को बताना है। इनको हिन्दू धर्म से कोई लेना देना नहीं है। हिन्दू धर्म से भी कोई लेना देना नहीं है। हिन्दू वोट चाहिए इनको इनका पाखंड याद दिलाते रहना है। हमें हिन्दू धर्म ने सिखाया वसूधेव कुटुंबकम की बात। इंसान से इंसान, मानवता पेड़ पौधे और प्रकृति से प्रेम इसकी हम सब मिलकर रक्षा करें। हम तो बीजेपी के साथियों से भी नफरत नहीं करते हैं जो हमें रोज किसी न किसी तरह की यातना देते हैं। इनको मुसलमानों से नफरत, दलितों से नफरत, कांग्रेसियों से नफरत, इसीलिए वो ज्यादा हिन्दू बनते हैं, इनको असली हिन्दू नहीं बनना है। इधर मंदिर जाएंगे और उधर मुर्गे खाएंगे। कोई एक बीजेपी का नेता जो अभी हिन्दू सम्मेलन में आया था, एक लाकर बता दो जो हिन्दू सम्मेलन में गया और मुर्गा नहीं खाता हो सहित अन्य बाते कही।

वहीं कांग्रेसनेत्री रचना भार्गव ने सम्बोधित करते हुए कहा की भाजपा ने गायों के नाम पर वोट लिए लेकिन गाय दर-दर भटक रही है। भाजपा ने सिर्फ रिश्वत लेने का काम किया है। एक वो पार्टी है जो झूठ बोलती है और दूसरी और कांग्रेस पार्टी जनहित और जनता के लिए काम करती है। जो काम कांग्रेस ने किए भाजपा उन पर लेवल लगाने का काम कर रही है। इस दौरान पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, पूर्व विधायक हजारीलाल मालवीय, कृष्णमोहन मालवीय, अजा नेता राधेश्याम सोमतिया, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोदी मंडलम अध्यक्ष सहित सभी बूथ स्तरीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दीनदयाल रसोई संचालन को लेकर निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर


कार्यालय कलेक्टर (शहरी विकास) जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

दीनदयाल रसोई योजना के अंतर्गत सारंगपुर में रसोई केंद्र संचालन के लिए जारी की गई ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में जय मां गौरी महिला स्वयं सहायता समूह, सांची जिला रायसेन द्वारा जिला शहरी विकास अभिकरण राजगढ़ एवं नगर पालिका परिषद सारंगपुर को आवेदन प्रस्तुत कर निविदा प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा दीनदयाल रसोई संचालन हेतु 19 नवंबर 2025 को ऑनलाइन टेंडर जारी किया गया था। आवेदनकर्ता संस्था ने बताया कि उन्होंने निर्धारित शर्तों के अनुसार निविदा प्रक्रिया में भाग लिया था और सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा किए थे। संस्था का दावा है कि उन्हें रसोई संचालन का लगभग 9 वर्षों का अनुभव है तथा अन्य जिलों में भी सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। संस्था ने आरोप लगाया है कि निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती गई और गलत तरीके से अन्य संस्था का चयन कर लिया गया। आवेदन में दोनों संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और ऑनलाइन प्रमाण पत्रों की पुनः जांच कर सही संस्था का चयन करने की मांग की गई है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शहरी विकास विभाग राजगढ़ द्वारा नगर पालिका परिषद सारंगपुर को पत्र जारी कर प्राप्त शिकायत के आधार पर आवश्यक जांच और कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित विभाग द्वारा अब निविदा प्रक्रिया के दस्तावेजों का परीक्षण किए जाने की संभावना जताई जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर नगर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और सभी की नजर अब प्रशासन की जांच और अंतिम निर्णय पर टिकी हुई है।

### इनका कहना है...

हां शिकायत प्राप्त हुई है, पुनः जांच की जा रही हैं। -ज्योति सुनेरे सीएमओ सारंगपुर

# जीरापुर में आज लगेगा सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत रोजगार कार्यालय के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप मंगलवार को जनपद पंचायत राजगढ़ में किया गया। जिसमें 15 युवाओं ने भाग लिया शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा 5 युवाओं का चयन किया। जोनल कमांडेंट रमेश कुमार जसवाल ने बताया कि अगला कैंप 11 फरवरी, को जनपद पंचायत जीरापुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# स्मैक के तस्कर को पुलिस ने दबोचा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

राजगढ़ कोतवाली पुलिस द्वारा बाहरी तस्कर को स्मैक सप्लाई करने जा रहे आरोपी को योजनाबद्ध तरीके से पकड़ा गया। सूचना मिली कि संकट मोचन निवासी मेहरबान तंवर नाम का व्यक्ति अपनी मोटरसाइकल के टंकी के कवर में अवैध मादक पदार्थ हेरोइन को लेकर किसी बाहरी तस्कर को देने जा रहा है। इस पर राजगढ़ पुलिस ने अपनी टीम को एक्टिव करते हुए जो समय पर नहीं पहुंचने पर बाहर निकल त्वरित कार्यवाही की गई जिससे आरोपी तस्कर को समय रहते पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्त मशरूका को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया। प्रकरण में अपराध क्रमांक 77/26 धारा 8,21 एनडीपीएस एक्ट 1985 का पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है। आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने स्मैक 9.38 ग्राम वजनी कीमती 80 हजार व डीलक्स मोटरसाइकिल कीमती 80 हजार को जब्त किया है।

आज होगा पैट शो सीजन 2 का आयोजन

# पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरुकता को बढ़ावा देने की कोशिश

**ब्यावरा।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राजगढ़ द्वारा जिले में पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह 14 जनवरी से 13 फरवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। जिसमें पिछले वर्ष अनुसार पुनः पैट शो सीजन 2 (डॉग शो एवं कैट शो) का आयोजन 11 फरवरी, को प्रातः 10 बजे से जिला पशु चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में किया जाएगा। जिसमें डॉग एवं कैट की समस्त प्रकार की प्रजातियों की अलग अलग कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाएगी एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरूस्कार वितरण किया जाएगा। आयोजन में पशु चिकित्सा शिविर, विभिन्न विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार, पशुक्रूरता निवारण एवं नियमों का प्रचार प्रसार एवं अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। कार्यकम के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसके चित्रकला प्रदर्शन एवं पुरूस्कार वितरण भी पैट शो में आमंत्रित अथितियों के द्वारा छात्र छात्राओं को किया जाएगा।

10वीं में 20 हजार 19 तो 12वीं में 14 हजार 847 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

# बोर्ड परीक्षाएं शुरू, जिले के 34 हजार 866 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




राजगढ़ जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गईं। जिसमें 12वीं के जिले के 63 परीक्षा केंद्रों पर कुल 14,847 परीक्षार्थी शामिल हुए। शिक्षा विभाग के अनुसार, जिले में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में नियमित और स्वाध्यायी मिलाकर कुल 34,866 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इनमें कक्षा 10वीं के 20,019 और कक्षा 12वीं के 14,847 विद्यार्थी हैं। परीक्षा अवधि के दौरान ब्लॉक और जिला स्तर पर गठित उड़नदस्ते लगातार निगरानी कर रहे हैं। परीक्षा को नकलमुक्त और अनुशासित बनाए रखने के लिए इस बार सख्त व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा शुरू होने से पहले सभी परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी में लगे शिक्षक-शिक्षिकाओं के मोबाइल फोन लॉकर में बंद कराए गए। इससे परीक्षा कक्षों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाहरी संपर्क की संभावना समाप्त हो गई।

भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध आयामों पर हुआ विमर्श

# शासकीय महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़




शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहगढ़ में मंगलवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार भारतीय ज्ञान परंपरा रू विज्ञान, संस्कृति एवं दर्शन का समन्वय का शुभारंभ हुआ। सेमिनार का उद्घाटन विधायक मोहन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कुलपति, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने की। उद्घाटन सत्र में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलगुरु डॉ. एस. के. जैन तथा अनुविभागीय अधिकारी एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुशील कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से किया गया। मुख्य अतिथि मोहन शर्मा ने भारतीय संस्कृति और दर्शन को राष्ट्र की चेतना बताते हुए युवाओं को इससे जुड़ने का आह्वान किया।

कुलगुरु डॉ. एस. के. जैन ने भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान, संस्कृति और दर्शन के समन्वय पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने वैदिक काल में भारत के महान दार्शनिक चिंतन को वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिक बताया। शैक्षणिक सत्र में डॉ. रमाकांत भारद्वार (एमिटी यूनिवर्सिटी, कोलकाता) ने वैदिक गणित तथा डॉ. देवीदास कल्लापा बामणे संघर्ष (महाराष्ट्र) ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं हिंदी के महत्व पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। तकनीकी सत्र में हरीश मिश्रा, डॉ. फारूक पठान, कु. खुशी गुप्ता सहित शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

अध्यक्ष प्रतिनिधि ने जल स्त्रोतों का किया प्रशासनिक निरीक्षण

# नगर की जल आपूर्ति सुदृढ़ करने नगरपालिका ने कसी कमर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

वर्षों से चली आ रही नगर की पेयजल समस्या के समय रहते समाधान करने की दिशा में नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष ग्रीष्मकाल में नगरवासियों को निर्बाध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख जल स्त्रोतों का प्रशासनिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अंतर्गत कुसलपुरा स्थित फिल्टर प्लांट एवं इंटकवेल, जहां से नगर में जलापूर्ति की जाती है, की तकनीकी एवं परिचालन व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। साथ ही घोड़ा पछाड़ नदी से जल लाने वाले जलालपुरा स्थित फिल्टर प्लांट की जल संग्रहण क्षमता, शुद्धिकरण प्रक्रिया एवं वितरण प्रणाली की भी गहन समीक्षा की गई। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल के दौरान किसी भी स्थिति में नगर की पेयजल व्यवस्था बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रख-रखाव, आवश्यक मरम्मत कार्य, अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगरपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अवसर पर इंजीनियर श्री राहुल गुप्ता, जल विभाग के शाखा प्रभारी श्री रमेश यादव एवं पार्षद श्री गोपाल जाटव उपस्थित रहे।

### गर्मियों में पेयजल सप्लाय स्थिती हो जाती है भयावह

ब्यावरा का वर्षों का इतिहास बताता है कि गलत प्रबंधन के चलते गर्मियों में नगर की स्थिती इतनी बिगड जाती है कि 7 दिन में एक बार पानी की सप्लाई हाती है इस स्थिती में नगरवासी रहने को मजबूर रहते है। करोडों की योजनाओं के बाद भी पानी की समस्या जस के तस बनी हुई है। अब देखना यह है किइस साल अध्यक्ष प्रतिनिधि कुशवाह के प्रयास क्या रंग लाते है।